राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ का राजभवन में भावभरा स्वागत

## राज्यपाल श्री मिश्र की उप राष्ट्रपति से मुलाकात

जयपुर, 8 सितम्बर। उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ देश के उप राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद गुरुवार दोपहर पहली बार सपत्नीक राजभवन आए। यहां राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ और उनकी पत्नी श्रीमती सुदेश धनखड़ का भावभरा स्वागत किया। उन्होंने उप राष्ट्रपति से मुलाकात कर प्रदेश और प्रदेश के विकास से जुड़े विषयों पर उनसे चर्चा की।

इससे पहले उप राष्ट्रपति के सांगानेर एयरपोर्ट पहुंचने पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने अगवानी की और पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीना स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया। कला एवं संस्कृति मंत्री श्री बी.डी. कल्ला, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती ममता भूपेश, मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा, पुलिस महानिदेशक श्री एम. एल. लाठर ने भी उप राष्ट्रपति का स्वागत किया।

———————